Total No. of Questions : 18 ]

[ कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 11
[ Total No. of Printed Pages : 11

# B-231300–A

## विषय : सामाजिक विज्ञान
## Subject : Social Science

समय : 3 घण्टे ]
Time : 3 hours ]

[ पूर्णांक : 75
[ Maximum Marks : 75

**नोट : सभी प्रश्न हल कीजिए।**
***Note* : Attempt all questions.**

*निर्देश* : (अ) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें तीन खण्ड हैं—खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स)। खण्ड (अ) में बहुविकल्पीय प्रश्न, खण्ड (ब) में उचित संबंध जोड़िए एवं खण्ड (स) में रिक्त स्थानों की पूर्ति से संबंधित प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में 5 प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

***Instruction* :** (A) Question No. **1** is an objective type question. It has three Parts–Part (A), Part (B) and Part (C). Part (A) has Multiple choice type questions, Part (B) has Match the following and Part (C) has Fill in the blanks. Each Part has 5 questions and each question carries 1 mark.

**प्रश्न-1** **( खण्ड-अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1×5=5]

**(Part-A)** Choose and write the correct option :

(*i*) निम्नलिखित में से कौन-सा मानव-निर्मित संसाधन है ?

(*अ*) पेट्रोलियम

(*ब*) वन

(*स*) मशीन

(*द*) भूमि

Which of the following is man-made resource?

(*a*) Petroleum

(*b*) Forest

(*c*) Machine

(*d*) Land

(*ii*) आपका धन सुरक्षित रहता है :

(*अ*) पुलिस थाने में

(*ब*) व्यापारी के पास

(*स*) बैंक में

(*द*) घर में

Your wealth is secured :

(*a*) in Police Station

(*b*) near trader

(*c*) in bank

(*d*) in house

(*iii*) एफ.सी.आइ. (F.C.I.) किसानों से अनाजों को खरीदता है :

(*अ*) स्थानीय मूल्य पर

(*ब*) थोक मूल्य पर

(*स*) अंतर्राष्ट्रीय मूल्य पर

(*द*) न्यूनतम समर्थन मूल्य पर

F.C.I. purchases crops from farmers at :

(*a*) local price

(*b*) wholesale price

(*c*) international price

(*d*) minimum support price

(*iv*) हिटलर द्वारा स्थापित पार्टी थी :

(*अ*) फासीवाद

(*ब*) नाज़ीवाद

(*स*) राष्ट्रवाद

(*द*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Hitler established the Party :

(*a*) Fascism

(*b*) Nazism

(*c*) Nationalism

(*d*) None of the above

(*v*) लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है :

(अ) नागरिकों की उदासीनता पर

(ब) नागरिकों की गैर-कानूनी कार्यवाही पर

(स) नागरिकों की विवेकपूर्ण सहभागिता पर

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Success of democracy depends :

(*a*) on the dullness of citizens

(*b*) on the illegal actions of citizens

(*c*) on the judicious participation of citizens

(*d*) None of the above

**प्रश्न-1** **(खण्ड-ब)** उचित सम्बन्ध जोड़िए : [1×5=5]

| (क) | | (ख) |
|---|---|---|
| (*i*) कारखाना निर्माण | - | (अ) आय-व्यय का विवरण |
| (*ii*) जार की घोषणा | - | (ब) हिरोशिमा, नागासाकी |
| (*iii*) परमाणु बम | - | (स) टेलीविजन |
| (*iv*) बजट की विशेषता | - | (द) बंजर भूमि |
| (*v*) जीवन शैली को प्रभावित करता है | - | (इ) किसानों की दासता समाप्त |

**(Part-B)** Match the following :

| (A) | | (B) |
|---|---|---|
| (*i*) Factory building | - | (*a*) Details of income-expenditure |
| (*ii*) Czar's announcement | - | (*b*) Hiroshima, Nagasaki |
| (*iii*) Atom bomb | - | (*c*) Television |
| (*iv*) Feature of budget | - | (*d*) Barren land |
| (*v*) Affects lifestyle | - | (*e*) Farmer's slavery ends |

प्रश्न–1 **( खण्ड-स )** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [1×5=5]

**(Part-C)** Fill in the blanks :

(*i*) भविष्य में ऊर्जा का मुख्य स्रोत —— है।

____ is the major source of energy in the future.

(*ii*) सरकार के राजस्व का सबसे बड़ा स्रोत —— है।

The main source of Government Revenue is ____.

(*iii*) बैंकों का बैंक —— बैंक को कहा जाता है।

____ Bank is called the bankers' bank.

(*iv*) उत्तरी वियतनाम की राजधानी —— है।

Capital of North Vietnam is ____.

(*v*) रंगीन प्रिंटिंग प्रेस का प्रारंभ सन् —— के बाद हुआ।

Colour Printing Press was invented after ____.

***निर्देश*** : (ब) प्रश्न क्रमांक **2** से **6** तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *30* शब्द है)

***Instruction*** : (B) Question Nos. **2** to **6** are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. (Maximum word-limit of answer is *30* words)

**प्रश्न-2** सकल घरेलू उत्पाद का अर्थ बताइए। [2]

Explain Gross Domestic Product.

**प्रश्न-3** सन् 1917 की 'रूसी क्रांति' के **दो** परिणाम लिखिए। [2]

Write **two** results of the Russian Revolution of 1917.

**प्रश्न-4** राष्ट्रवाद और अतिराष्ट्रवाद में आप क्या फर्क देखते हैं ? [2]

What is the difference between Nationalism and Extreme Nationalism?

**प्रश्न-5** आयकर और उत्पाद कर में क्या अंतर है ? [1+1=2]

What is the difference between Income Tax and Product Tax?

**प्रश्न-6** शीत युद्ध से क्या आशय है ? [2

What does the Cold War mean?

*निर्देश* : (स) प्रश्न क्रमांक 7 से 10 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *50* शब्द है)

***Instruction*** : (C) Question Nos. **7** to **10** are very short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word-limit of answer is *50* words)

**प्रश्न-7** पहले आम चुनाव की तीन खास बातें लिखिए। [1+1+1=3]

Write three special features of the first general election.

**प्रश्न-8** क्या अदृश्य भूख देश के विकास में बाधक है ? अपने विचार दीजिए। [3]

Is invisible hunger obstacle in the path of development of the country? Give your opinion.

**प्रश्न-9** सूचना के अधिकार से मिलने वाले तीन लाभ लिखिए। [1+1+1

Write **three** benefits of Right to Information.

**प्रश्न-10** वैश्वीकरण ने श्रमिकों के जीवन को किस प्रकार प्रभावित किया है ?

How has globalization affected the lives of workers?

*निर्देश* : (द) प्रश्न क्रमांक **11** से **14** तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *75* शब्द है)

***Instruction*** : (D) Question Nos. **11** to **14** are short answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 4 marks. (Maximum word-limit of answer is *75* words)

**प्रश्न-11** इटली में मुसोलिनी के उत्कर्ष के **चार** कारण लिखिए। [1+1+1+1=4]

Write **four** reasons for the rise of Mussolini in Italy.

***अथवा***

***OR***

हिटलर की विदेश नीति को समझाइए।

Explain Hitler's Foreign Policy.

**प्रश्न-12** जनसंख्या विस्फोट समाज के लिए घातक है, कैसे ? समझाइए। [4]

Population explosion is fatal for society, how? Explain.

***अथवा***

***OR***

जनगणना से कौन-कौन से आँकड़े प्राप्त होते हैं ? समझाइए।

What are the figures obtained from census? Explain.

**प्रश्न-13** प्रथम विश्व युद्ध के किन्हीं **चार** कारणों का उल्लेख कीजिए। [1+1+1+1=4]

Mention any **four** reasons for the First World War.

*अथवा*

***OR***

वर्साय की संधि की प्रमुख शर्तें कौन-कौन सी थीं ?

What were the main terms of the Treaty of Versailles?

**प्रश्न-14** भूमि प्रबंधन के लिए कौन-कौन से तरीके अपनाए जा सकते हैं ? उल्लेख कीजिए। [4]

What are the different methods adopted for land management? Explain.

*अथवा*

***OR***

निम्नांकित तालिका में कुछ नाम दिए गए हैं। उनके द्वारा मिट्टी का उपयोग किस प्रकार किया जाता है ? इसे तालिका में भरिए : [1+1+1+1=4]

| क्र. | व्यक्ति | मिट्टी का उपयोग |
|---|---|---|
| 1 | कुम्हार | |
| 2 | किसान | |
| 3 | मूर्तिकार | |
| 4 | गाँव की महिला | |

Some names are given in the table. How do they use soil? Fill in the table :

| Sl.No. | Persons | Use of Soil |
|---|---|---|
| 1 | Potter | |
| 2 | Farmer | |
| 3 | Sculptor | |
| 4 | Woman of village | |

*निर्देश* : (इ) प्रश्न क्रमांक 15 एवं 16 दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *100* शब्द है)

***Instruction*** : (E) Question Nos. [redacted] and **16** are long answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 5 marks. (Maximum word-limit of answer is *100* words)

**प्रश्न-15** ग्रामीण अधिवास और नगरीय अधिवास की तुलना कीजिए (कोई **पाँच**)। [1+1+1+1+1=5]

Compare Rural Settlement and Urban Settlement (any **five**).

*अथवा/OR*

नगरीकरण से कौन-कौन सी समस्याएँ उत्पन्न हो रही हैं (कोई **पाँच**) ?

What are the problems arising from Urbanization (any **five**)?

**प्रश्न-16** भारतीय कृषि की कम उत्पादकता के कारणों को संक्षेप में लिखिए (कोई **पाँच**)। [1+1+1+1+1=5]

Write briefly the reasons for the low productivity of Indian Agriculture (any **five**).

*अथवा*

***OR***

कृषि का भारत के लिए [redacted]हुत अधिक महत्त्व है[redacted] किन्हीं **पाँच** बिन्दुओं में स्पष्ट कीजिए।

Agriculture is very important for India. Explain in any **five** points.

*निर्देश* : (फ) प्रश्न क्रमांक **17** एवं **18** दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आन्तरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *150* शब्द है)

***Instruction*** : (F) Question Nos. **17** and **18** are long answer type questions. Each question has internal option. Each question carries 6 marks. (Maximum word-limit of answer is *150* words)

**प्रश्न-17** भारतीय संसद के कार्यों एवं शक्तियों का वर्णन कीजिए (कोई **छः**)। [1+1+1+1+1+1=6]

Describe the works and powers of Indian Parliament (any **six**).

***अथवा/OR***

सर्वोच्च न्यायालय की शक्तियों एवं कर्तव्यों का वर्णन कीजिए (कोई **छः**)।

Describe the powers and duties of the Supreme Court (any **six**).

**प्रश्न-18** मतदान प्रक्रिया के **छः** बिन्दु लिखकर संक्षिप्त व्याख्या कीजिए। [1+1+1+1+1+1=6]

Briefly explain the **six** points of Voting Process.

***अथवा/OR***

कुछ मतदाता किन कारणों से मतदान करने नहीं जाते हैं ? समझाइए (कोई **छः**)।

Why some voters do not go for voting? Explain (any **six**).

..........